

नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 7 मई, 2026

# आज महाराजा को नहीं दिखती किसानों की परेशानी : रोशनी

## जिले की प्रभारी ने प्रेसवार्ता में इशारों में सिंधिया पर साधा निशाना, किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा किसानों के साथ गुरूवार को नेशनल हाईवे पर चक्काजाम जाम किया जाएगा। इसी आंदोलन की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक प्रेसवार्ता आयोजित आंदोलन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान जिले की प्रभारी रोशनी यादव ने बताया कि यह चक्काजाम गुना के बिलोनिया गांव के पास किया जाएगा। इसमें जिले के किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

तो वहीं उन्होंने भाजपा सरकार सहित केद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया पर इसारों में निशाना साधते हुए जो इस क्षेत्र से खुद को महाराजा कहते, उन्हें आज किसानों की परेशानी नहीं दिखती है, महाराज का काम होता है प्रजा को सरंक्षित करना सरंक्षण देना है, लेकिन आप जो अपने आपको महाराजा कहते है, आपने पार्टी बदली, दल बदला इस बात की ताल ठोक के कि आप किसानों के साथ अन्य नहीं होने देंगे, किसानों का कर्ज माफ करवायेंगे, आप किसान हितैषी, युवाओ के हितैषी और अतिथि शिक्षको के हितैषी कैसे है, जबकि आज आपको किसानों की परेशानी नहीं दिख रहीं है। वहीं आगे कहा कि आपने सत्ता ठुकरा दल बदल कर आपने आपना साम्राज्य बचाने के लिए अपने मोह दिखाया और आपने अपने साम्राज्य को बचाने के लिए अपना हित साधा और प्रदेश के किसानों बली चढ़ा दी, इसके लिए आपको ग्वालियर चंबल संभाग का किसान कभी माफ नहीं करेगा।





### कांग्रेस की 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने 27 लाख किसानों का कर्ज किया माफ

प्रेसवार्ता को सबोधित करते हुए जहां जिले की प्रभारी रोशन यादव ने प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला, तो वहीं उन्होंने कमलनाथ के 15 महीने की सरकार में किसानों के लिए गए कार्य बताते हुए कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने 15 महीने में 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया, लेकिन इस सरकार द्वारा अभी तक 7 से 8 लाख किसानों का कर्ज माफ नहीं किया, जिसके कारण आज वह किसान बदहाल है। वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। किसानों को बारदाना नहीं मिल रहा है, और उन्हें कई दिनों तक लाइनों में खड़े रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाओं के अभाव तौल की जा रहीं है, तो वहीं उपार्जन केंद्रों पर भ्रष्टाचार चरम पर है 50 किलो की तुलाई पर 300 से 500 ग्राम तक अतिरिक्त तौल की जा रहीं है, इसके अलावा तौल के लिए किसानों से पैसे की मांग की जा रहीं है। वहीं उन्होंनें किसान सम्माननिधि लंबित होने, खाद की कमी और पराली जलाने पर मुकदमा दर्ज कर जुर्माना लगाये जाने पर शासन की कार्यवाहीं अनुचित ठहराया। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह, प्रदेश महा सचिव यादवेंद्र सिंह यादव, अशोक शर्मा बड़े भैया, सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।



# दुष्कर्म के बाद बनाया धर्म परिवर्तन के लिए दबाब

**घटना में आरोपी की मां ने किया पूरा सहयोग**

**पुलिस ने आरोपी व उसकी मां को किया गिरफ्तार**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में एक बार फिर धर्मातंरण का मामला सामने आया है, जहां मुस्लिम युवक ने हिन्दू युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देते हुए उससे दुष्कर्म किया और फिर धर्म परिवर्तन का दबाब बनाया यह मामला जैसे ही पुलिस की संज्ञान में आया तो पुलिस ने युवती को सकुशल दस्तयाब करते हुए आरोपी युवक और उसकी मां को गिरफ्तार किया है।

दरअसल सिटी कोतवाली में मंगलवार को युवती के भाई ने अपनी 18 वर्षीय बहन के रात्रि में बिना बताए घर से कहीं चले जाने की सूचना दी थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच में लिया गया। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी ने टीम गठित कर गुमशुदा युवती की तलाश शुरू की तो तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर महज दो घंटे के भीतर पीड़िता को सकुशल दस्तयाब किया गया। वहीं पीडिता के कथन के बाद पुलिस ने आरोपी आसिफ खान एवं आरोपी की मां को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। इस कार्यवाहीं में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक भोजराम भगत, सहायक उप निरीक्षक देशराज सिंह, प्रधान आरक्षक दिनेश कुशवाह, आरक्षक सूरज, राजू रघुवंशी एवं महिला आरक्षक रूपाली रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

**दुष्कर्म के बाद धर्म परितर्वन को बनाया दबाब:**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी आसिफ खान निवासी आजाद मोहल्ला द्वारा उसे बहला-फुसलाकर घर से ले जाया गया। वहीं युवक द्वारा विगत लगभग 3 वर्षों से शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया जा रहा था तथा उस पर धर्म परिवर्तन हेतु दबाव बनाया जा रहा था। इस कृत्य में आरोपी की मां के द्वारा भी सहयोग किया जा रहा था।

### एक नजर में

#### अमृत हरित महाअभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यों का किया निरीक्षण

**शाढ़ौरा।** नगर परिषद में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संचालित अमृत हरित महाअभियान एवं एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत किए गए वृक्षारोपण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मीडिया एक्सपर्ट अमृत 2.0 रचना वेदी ने नगर परिषद कार्यालय के समीप स्थित पार्क, कुंडलपुर पार्क एवं नमो नगर वन कुंडलपुर का भ्रमण कर पौधारोपण कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए की कारों की प्रगति समय पर पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि कार्य संतोषजनक हैं, लेकिन बेहतर परिणामों के लिए सुधार की आवश्यकता है। साथ ही पुरातात्विक महत्व के कुओं और बावड़ियों से संबंधित प्रस्ताव भी भेजने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि अमृत 2.0 योजना के तहत 2 लाख से 10 लाख रुपए तक के कार्यों की स्वीकृति दी जा रही है, इसलिए अधिक से अधिक प्रस्ताव भेजे जाएं ताकि नगर की सुंदरता में और निखार आ सके। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शमशाद पठान, एनयूएलएम रानी राजपूत, पीडीएमसी सौरभ यादव, सुदामा वर्मा उपस्थित रहे।

#### प्रगणकों को किया सम्मानित

**चंदेरी।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य हेतु नगरपालिका चन्देरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक01 लगायत 21 में 58 गणना ब्लॉक, 09 पर्यवेक्षक सर्किल बनाये गये, जिनमें मकान सूचीकरण का कार्य करने हेतु नियुक्त 55 प्रगणकों एवं 09 पर्यवेक्षकों के द्वारा जिला जनगणना कार्यालय से नियुक्त किए गए फील्ड ट्रेनर दीपक कुमार जैन एवं सुधीर समैया एवं निकाय स्तर से नियुक्त पर्यवेक्षक विजयचन्द्र कोली के निर्देशन में 1 मई से कार्य प्रारंभ किया गया। जिनमें से वार्ड कं.02 पर्यवेक्षक सर्किल कं. 01 गणना ब्लॉक नम्बर 0005 में नियुक्त प्रगणक कौशल किशोर मनकेले के द्वारा आबंटित गणना ब्लॉक का कार्य पूर्ण कर लिया गया एवं इसी प्रकार वार्ड कं.04 पर्यवेक्षक सर्किल कं.01 गणना ब्लॉक नम्बर 009 में नियुक्त प्रगणक अतुल कुमार चतुर्वेदी के द्वारा आबंटित गणना ब्लॉक में मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया। उपरोक्त दोनों प्रगणकों के द्वारा आबंटित गणना ब्लॉक का कार्य पूर्ण करने पर चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा के द्वारा प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# साइट बंद : बिना खाद के लिए लौटे किसान

## गुस्साए किसानों ने किया हंगामा, अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दी समझाइश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में खाद के लिए किसानों को परेशान न होना पड़े और उन्हें समय पर खेती के लिए समूचित खाद मिल जाए इसके लिए ईटोकन प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण किया जा रहा है, लेकिन यहीं ईटोकन खाद वितरण प्रणाली किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। ऐसा ही मजरा बुधवार को देखने को मिला, जहां खाद वितरण केंद्र पर ईटोकन लेने के बाद और वितरण केद्र पी साइट बंद होने की बजह से जब किसानों को खाद नहीं मिला, तो उन्होंने हंगामा कर दिया। वहीं हंगामे की जानकारी जैसे ही प्रशासन को लगी तो मौके पर पहुंचे तहसीलदार और कृषि अधिकारी ने उपस्थित किसानों को समझाइस दी, जिसके बाद हंगामा शांत हो सका।

दरअसल आगामी दिनों में फसल की बोवनी होना है, जिसकी तैयारिया किसानों द्वारा शुरू कर दी गई, वहीं फसल के लिए किसान खाद लेने के लिए पहुंच रहे है, जहां उन्होंने पूरे सिस्टम से होकर गुजरना पड़ रहा है। जहां पहले किसान की फार्मर आईडी बनाई जा रहीं है, तो वहीं उन्होंने ऑनलाइन दुकानों से ईटोकन प्राप्त करना पड़ रहा है। इसके बाद किसानों को खाद गोदामो से खाद उपलब्ध कराया जा रहा है।



### खाद के लिए दो दिन से भटक रहे किसानः

गहरा निवासी कृष मोहम्मद असरफ ने बताया कि दो दिन से खाद लेने के लिए भटक रहे है, लेकिन साइट बंद होने की बजह से खाद नहीं मिल पा रहा है, कल मेरे पापा खाद लेने आए आए थे, जो सुबह से लेकर शाम तक रूके और बिना खाद लिए हुए वापस लौट गए, आज में आया हूं जबकि 7 तारीख मेरा ललितपुर में एक्जाम है। वहीं बाबूपुर निवासी इंदर सिंह ने बताया कि खाद लेने के लिए सुबह 10 बजे आ गये थे, तो वहीं टोकन दो दिन पूर्व में ले लिया था, खाद के लिए पिछले दो दिन से आ रहे है, लेकिन साइट नहीं चलने की बजह से खाद नहीं दिया जा रहा है, सुबह आते है और शाम को बिना खाद के लिए लौट जाते है।

### तकनीकी खामियों से बढ़ी परेशानीः

खाद गोदाम के बाहर मौजूद किसानों ने बताया कि उन्हें खाद के लिए काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। तो वहीं तकनीकि खामियों के कारण उन्हें ऑनलाइन दुकान से लेकर पटवारियों के चक्कर काटना पड़ रहा है। इस दौरान एक किसान ने बताया कि उनकी फार्मर आईडी में गलत जानकारी होने की बजह से उन्हें काफी दिक्कत हुई, जिसकी बजह से उन्हें पटवारी से लेकर तहसीलदार के चक्कर काटना पड़ी। वहीं टोकन बुक करने की कोशिश की, लेकिन वेबसाइट नहीं चलने के कारण टोकन ही बुक नहीं हो सका। कई बार प्रयास करने के बाद टोकन बुक कराये, लेकिन विगत दो दिनों से चक्कर काटने के बाद साइट बंद होने की बजह से खाद नहीं मिल रहा है।

### समय सीमा ने बढ़ाई टेंशनः

उल्लेखनीय है कि ईटोकन प्रणाली से खाद वितरण किया जा रहा है, जिसके चलते पहले टोकन बुक किया जाता है और उसके आगामी तीन दिनों में किसान को खाद लेना पड़ता है, लेकिन विगत दो दिनो से साइट बंद होने की बजह से गोदाम से किसानों को खाद नहीं मिला, वहीं तीन दिन की समय सीमा होने की बजह से किसानों ने हंगामा कर दिया। जिन्हें कृषि अधिकारी द्वारा समझाइस दी गई कि यदि वह समय पर खाद नहीं ले पाते है, तो वहीं फिर से टोकन प्राप्त कर सकते है और उसके बाद उन्हें खाद मिल जाएगा।

**इनका कहना है।**

*सिस्टम को अपडेट किया जा रहा है और साइट पर स्टॉक अपडेट हो रहा है, यह प्रक्रिया पूरे मध्यप्रदेश में जारी है, जिसके कारण साइट बंद है और पीओएस मशीन नहीं चल रहीं है। हमने उपस्थित किसानों के टोकन स्केन कर लिये है उन्हें आगामी दिनों में खाद उपलब्ध कराया जाएगा।*

**अमित भदौरिया, उप संचालक कृषि विभाग अशोकनगर।**

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा आईपीएल के रैकेट के विरुद्ध कार्यवाही

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में संचालित अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा (आईपीएल) के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा (आईपीएल) संचालित करने वाले रैकेट के विरुद्ध कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को को मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम भड़ूली में दबिश दी गई, जहां आरोपी दिलीप पुत्र चंद्रभान सिंह धाकड़, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम भड़ूली को उसके इनफिनिक्स मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट आईपीएल सट्टा संचालित करते हुए पकड़ा गया। जांच के दौरान मोबाइल में सट्टे से संबंधित लेन-देन (ट्रांजेक्शन) पाए गए। प्रकरण में आरोपी दिलीप धाकड़ के साथ-साथ अन्य सहआरोपी कपिल जैन निवासी अशोकनगर एवं शुभम शर्मा निवासी गुना के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### लावारिस और हिंसक कुत्तों को पकड़ने के लिए नपा ने चलाया अभियान

**शाढ़ौरा।** नगर में पिछले 2 माह से आवारा कुत्तों के आंतक से आम आदमी परेशान एवं चिंतित हैं, गौवंश के बछड़ों पर कुत्तो के हमलों से परेशान दुखी गौसेवकों एवं नगरवासियों ने दो बार नगर परिषद एंव प्रशासन को ज्ञापन देकर कुत्तों के आंतक एंव हमलों से नगर के गौवंश एंव बच्चों एंव राहगीरों को सुरक्षित जीवन जीने का अधिकार की मांग की थी। वहीं 1 मई को नगर के गौसेवको एवं नगरवासियों ने तीखे तेवरों के साथ ज्ञापन देते हुऐ बताया था। जहां सीएमओ शमशाद पठान ने एक सप्ताह में कानून प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद कुत्तो को पकड़ने के लिए अभियान चलाने की बात कहीं थी। इसी के तहत मंगलवार को सीएमओ के निर्देशन में शहर में कुत्तो को पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा अमले द्वारा अलग-अलग स्थानों पर जाकर कुत्तो का पकड़ा और उन्हें शेल्टर हाउस में छोड़ा गया। वहीं नपा ने आम लोगों से अपील की है कि वह अपने पालतू कुत्तों के गले में बैल्ट लगाकर रखें, जिससे उनकी पहचान हो सके।

# स्मार्ट मीटर ने लगाया उपभोक्ताओं को झटका

## रुकी हुई रीडिंग का एक साथ बिल बना, अपने आप बंद हुए कनेक्शन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर बीते कुछ महीनों से कस्बे में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। कस्बे में करीब 800 बिजली कनेक्शन हैं, जिनमें से 150 से अधिक कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। कई कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगने के बाद जो बिजली बिल आए हैं, उन्होंने उपभोक्ताओं को झटका दे दिया है। जैसे कि पुराना बाजार निवासी रामसेवक शर्मा का 25000, शिवकुमार शर्मा का 21000 का बिल आया है। कंपनी का तर्क है कि ऐसे उपभोक्ता जिनके पुराने मीटरों में रीडिंग अधिक थी लेकिन किसी कारण वष उसे बिल में पहले अपडेट नहीं किया गया था, उनके बिलों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद यह रीडिंग अपने आप अपडेट हुई है और बिल बढ़कर आ गए हैं। वहीं उपभोक्ताओं का तर्क है कि यदि रीडिंग नहीं ली गई तो इसमें मीटर रीडर का दोष है। एक साथ इतनी बड़ी राशि वह कैसे जमा करेंगे। शिवकुमार षर्मा ने बताया कि बिल जमा न करने पर हमारी बिजली आपूर्ति बंद हो गई, हमारे घर में छोटे भाई की षादी थी, ऐसे में हमने 21 में से 10 हजार रुपए जमा कराए तब कहीं जाकर आपूर्ति बहाल हो सकी।

### एक किलोवॉट का प्रभार, बिल तीन हजार से ज्यादा :

मंडी मोहल्ला निवासी सुखवीर अहिरवार ने बताया कि उनके पिता कंछेदी अहिरवार के नाम से घरेलु कनेक्शन है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले इस परिवार के कनेक्षन पर एक किलोवॉट का स्वीकृत प्रभार है। पहले 300 से 500 रुपए महीने तक बिल आता था, जब से स्मार्ट मीटर लगवाया है, तबसे प्रतिमाह 3 हजार रुपए से अधिक का बिल आ रहा है। मैन मार्केट में निवासरत शंभूशंकर पाठक का बिल भी प्रति माह 6 हजार से अधिक आने लगा है, जो स्मार्ट मीटर लगने के पहले ढाई से तीन हजार रुपए आता था। वहीं निचला बाजार निवासी कमलाबाई प्रजापति नामक उपभोक्ता के घर स्मार्ट मीटर नहीं लगा है फिर भी प्रत्येक माह 8 हजार रुपए से अधिक का बिल दिया जा रहा है।

### रीडिंग की गलती से एक माह में 13 हजार का बिल दिया, अब बिजली बंद :

खैरखाड़ी मार्ग पर निवासरत मुकेश श्रीवास्तव नामक उपभोक्ता के साथ एक अजीब समस्या खड़ी हुई है। उन्होनें बताया कि अक्टूबर 2023 में उनका एक माह का बिल 13 हजार रुपए आ गया था। जिसमें रीडिंग गलत अंकित थी, इस बिल में सुधार के लिए कंपनी स्तर से लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई पर वह ढाई साल से आवेदन दे रहे हैं। वहीं हर माह आने वाला बिल वह नियमित जमा करते रहे। बीते दिनों जब स्मार्ट मीटर लगा तो 13 हजार से अधिक बकाया होने की स्थिति में सप्लाई बंद हो गई। कंपनी कार्यालय में संपर्क करने पर बताया गया कि भोपाल से ही अपने आप मीटर में सप्लाई बंद हुई है।

**इनका कहना है।**

*ऐसा नहीं है कि स्मार्ट मीटर के वजह से बिल बढ़कर आए हैं। कोई भी नया मीटर लगाने पर पुरानी रीडिंग जुड़कर आती है। स्मार्ट मीटर के तो कई तरह के फायदे हैं। यदि किसी उपभोक्ता को समस्या है तो वह कंपनी में आवेदन दें, हम जांच कराएंगे।*

**बाबूजी मंडेलिया, प्रभारी विद्युत वितरण केन्द्र बहादुरपुर।**

**धर्मसभा**

**सुधासागर महारा ज ने हथकरघा स्थल का किया निरीक्षण**

# केवल मनुष्य योनि में ही तीन कार्य किए जा सकते हैं

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** आप बिल्कुल चिंता मत करो हम मुगावली वाले आपके भक्त हैं आने दो जितने संकट आना है कुछ भी नहीं होगा, कुछ भी नहीं संकट जितने आना है आने दो हम कभी रोएंगे नहीं आकुल व्याकुल भी नहीं होगे गृहस्थ हो क्योंकि तुम्हारा दुख तुम्हारे साथ ही है तुम सुखी हो लेकिन घर में बच्चा दुखी हो जाए तो तुम दुखी तुम्हारा एक दुख थोड़ी है तुम्हारे खुद के दुख हो तो सहन कर लो लेकिन बच्चा दुखी हो रहा है परिवार दुखी हो रहा है रिश्तेदार के दुख का समाचार आ गया, आप दुखी हो गए इसलिए गृहस्थ को दुख का मार्ग बताया कि ऐसा उपाय बताओ कि इन पर संकट आवे नहीं और आ जाए तो टल जाए, यह मार्ग गृहस्थ का है हम मुनियों का नहीं क्योंकि यदि यही सब धर्म होता मंदिर बनाना, पूजन करना, अभिषेक करना यदि यह धर्म होता तो हम मुनि महाराज क्यों नहीं करते, पूजन हम क्यों नहीं करते हैं सबदान आदि की क्रियाएं आपको तो उपदेश देना अभिषेक करो मैं खुद अभिषेक नहीं करता हूं और करूं तो हमें पाप लगे अब देखना मैं अभिषेक करूं तो मुझे पाप का बंद है और तुम अभिषेक करो तो पुण्य का बंद है क्रिया दो है कि एक ही है क्यों क्योंकि यह संकट मोचन क्रिया है और साधु को संकट का मोचन नहीं करना है संकट सहन करना है क्योंकि तुम साधु हो और गृहस्थ साधु की साधना सहन नहीं कर सकता साधना नहीं कर सकता इसलिए ग्रस्त को वह मार्ग बताएं जो मुनिराज को नहीं बताए है उक्त उदगार नगर में विराजमान मुनिश्री सुधा सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही।



इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि तुम कहोगे महाराज जी आप समझो बात को हम लोग नहीं बन पाएंगे बात नहीं करूंगा, श्रेष्ठतम श्रेष्ठ मार्ग मनुष्य पर्याय पाकर के हमेशा एक ही भाव करना चाहिए कि मुनि बनकर के मारूंगा मुनि बनने के लिए ही मनुष्य पर्याय और सब कार्य तो किसी भी योनि में हो जाएंगे, मगर मुनि केवल मनुष्य पर्याय में ही बन सकते है तीन कार्य ऐसे हैं जिनके लिए मनुष्य बनता है। मुनि और कोई दूसरी योनि में नहीं बन सकते है इसलिए प्रकृति ने कहा कि मनुष्य बनने का अर्थ है हमने पूर्व भव में मुनि बनने का संकल्प किया था हे भगवान मुझे मुनि बनना है मुझे मुनि बना दो इसलिए कर्म ने तुम्हे मनुष्य योनि मनुष्य बनाता हूं आपको सबको जो मनुष्य बनने का भव मिला आपका फॉर्म भरा हुआ रखा है, हमें मुनि बनना है ऐसी योनि मिले जहां में मुनि बन सकूं दूसरा कार्य है 84 लाख योनियों में कभी तुमने भाव किया होगा कि है। भगवान मेरा मन है कि मैं जिनेंद्र देव का मंदिर बना हूं 84 लाख योनियों में कोई मंदिर नहीं बना सकता देवता भी नहीं देवता मंदिर नहीं बना सकते मंदिर केवल मनुष्य योनि में बना सकते है तीसरा भाव आपने किया होगा कि हे भगवान मुनि बनू या नहीं बनू लेकिन बस मुझे ऐसी पर्याय मिले जहां हमें मुनियों को आहार दे सके क्योंकि 84 लाख योनियों में मुनि महाराज को आहार कौन दे सकते हैं देवता भी नहीं कोई नहीं मनुष्य पर्याय में ही मुनि को आहार दे सकते है चौथा कोई कारण नहीं।

**मुनिश्री ने किया हथकरघा केंद्र का अवलोकन:**

निर्यापक मुनिश्री सुधासागर महाराज ने हथकरघा केंद्र का अवलोकन किया, जिसमें मुनिश्री ने किस तरह कपड़ों को बनाया जाता है उनका देखा और सभी को अपना मंगल आशीर्वाद दिया वही मुनिश्री ने कहा कि यह आचार्यश्री का सपना था कि हस्त शिल्पकारों द्वारा शुद्ध वस्त्र बनाए जाएं, जिसमें किसी भी प्रकार का कोई केमिकल का उपयोग न हो वही इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और उन्हें रोजगार के लिए अपना परिवार छोड़कर बाहर न जाना पड़े इस मौके पर केंद्र की प्रभारी दीदियों सहित वहां काम करने वाले लोग भी मौजूद रहे।

# कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर शासकीय माधव महाविद्यालय में नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 के तहत कॉलेज चलो अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अर्पिता तिवारी के मार्गदर्शन में बुधवार को को कॉलेज चलो प्रवेश मेला लगाया गया। जिसमे शिविर के माध्यम से ऑन द स्पॉट पंजीयन एवं कैरीअर काउंसलिंग की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर प्रवेश संयोजक डॉ. रक्षा राय द्वारा 12वी उत्तीर्ण एक सेंकड़ा से अधिक छात्र छात्राओं को नवीन शिक्षा नीति की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस प्रवेश मेला में महाविद्यालय की डॉ.संचिता राठौर, डॉ.केजी भार्गव, डॉ.विक्रम सिंह सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।





### नरवाई में आग लगाने पर अर्थदण्ड की कार्यवाही

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले में नरवाई प्रबंधन हेतु प्रचार-प्रसार कर नरवाई जलाने से मृदा, वातावरण पर पडने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। समझाईश के बाद भी गेहू की नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध होने के बाद भी नरवाई के फसल अवशेषों में आग लगाने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुभ्रता त्रिपाठी अशोकनगर द्वारा एनजीटी के निर्देशों के तहत पर्यावरणीय किसानों पर कार्यवाहीं की है।